अनुक्रमांक ..... समय : 1.00 घण्टा

नाम ..... पूर्णांक : 25

प्रश्न-पुस्तिका
द्वितीय सेमेस्टर – 2026
(गणित)

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. एक कार 1 लीटर पेट्रोल में (x - 5) किमी की दूरी तय करती है। (x - 5) लीटर पेट्रोल में कार द्वारा तय की गई दूरी होगी— **(1)**

(A) x 2 - 10x - 25 (B) x 2 - 10x + 25

(C) x 2 + 10x - 25 (D) x 2 + 10x + 25

2. एक कमरे की फर्श का क्षेत्रफल 32 वर्ग मीटर तथा ऊँचाई 4 मीटर है। उस कमरे में हवा का आयतन होगा— **(1)**

(A) 38 घन मीटर (B) 128 वर्ग मीटर

(C) 36 घन मीटर (D) 128 घन मीटर

3. x सेमी भुजा वाले समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा— **(1)**

(A) x 2 √3/4 (B) x√3/4

(C) √(3x 2)/4 (D) 4x 2 /√3

4. 32 और 56 का लघुत्तम समापवर्त्य होगा— **(1)**

(A) 288 (B) 220

(C) 224 (D) 256

5. निम्नलिखित संख्याओं में पूर्णांक होगा— **(1)**

(A) 214 (B) 0

(C) -18 (D) उपयुक्त सभी

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. 3 तथा 5 के गुणनफल को संख्या रेखा पर दर्शाइए। **(1)**

7. एक किलोग्राम सेब का मूल्य ₹(x **(1)**

8. त्रिभुज की समरूपता की दो शर्तें लिखिए। **(1)**

9. वर्ग-अन्तराल 25–30 की उच्च सीमा एवं मध्य बिन्दु ज्ञात कीजिए। **(1)**

10. परिमेय संख्याओं 2/7 एवं 4/5 के बीच एक परिमेय संख्या ज्ञात कीजिए। **(1)**

11. समीकरण 3x - 7 = 17 - x को हल कीजिए। **(1)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. निम्नलिखित आँकड़ों के लिए 5 का वर्ग-अन्तराल लेकर बारम्बारता बंटन सारणी बनाइए— **(2)**

13. एक हौज की लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 4 मीटर, 2 मीटर तथा 2 मीटर है। यदि हौज में 1.5 मीटर ऊँचाई तक पानी भरा है, तो ज्ञात कीजिए कि हौज में कितने लीटर पानी भरा है? **(2)**

14. वह छोटी-से-छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसमें 6 जोड़ने पर वह 12, 16, 24 एवं 27 से विभाजित हो जाए। **(2)**

15. 2/7 का गुणात्मक प्रतिलोम एवं योज्य प्रतिलोम का योगफल ज्ञात कीजिए। **(2)**

16. सर्वांगसमता की चारों कसौटियों को चित्र की सहायता से बताइए। **(2)**

17. पिता की आयु अपने पुत्र की आयु की 7 गुनी है। 5 वर्ष बाद पिता की आयु पुत्र की आयु की 4 गुनी हो जाएगी। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। **(2)**

18. एक वर्गाकार मैदान की एक भुजा 30 मीटर लम्बी है। यदि मैदान के अन्दर चारों ओर 2 मीटर चौड़ा रास्ता पैदल चलने वालों के लिए छोड़ा गया हो, तो शेष मैदान का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। **(2)**

UPDELEDSTUDY.IN

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/ganit/2026

2. गणित का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/ganit/

3. गणित के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/ganit/

हमसे जुड़ें
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN